NTPC
# NTPC Limited
(A Govt. of India Enterprise)
NTPC Bhawan, SCOPE Complex, 7, Institutional Area, Lodi Road, New Delhi-110003,CIN: L4010DL1975GOI007966

NTPC Limited is India's largest integrated energy company with installed capacity of 67,907 MW and has presence in the entire value chain of the power generation business. Commensurate with our country's growth challenges, NTPC has embarked upon an ambitious plan to attain a total installed capacity of 130 GW by 2032.

NTPC is looking for **General Surgeons & Specialist (General Medicine)** for its Hospitals at Projects/Stations. The details of the posts are as under:

## A. Name of Post: General Surgeon - 08 POSTS [E3/E4]

**Qualification:** MBBS with MS/DNB in General Surgery [Qualification should be recognized by National Medical Commission (formerly Medical Council of India)]

**Experience Requirements:**

For E4 level: Minimum 01 year experience/ practice after MS/DNB (General Surgery).

For E3 level: Fresh MS/DNB (General Surgery)

**Note:** Candidates recruited in E3 grade with MS/DNB qualification will be placed in E4 grade after 01 year of experience.

**Upper Age Limit:** 37 years

**Pay Scale: E3:** Rs. 60,000 – 1,80,000 & E4: Rs. 70,000 – 2,00,000

## B. Name of Post: Specialist (General Medicine) - 07 POSTS [E3/E4]

**QUALIFICATION:** MBBS with MD/DNB (General Medicine)

[Qualification should be recognized by National Medical Commission (formerly Medical Council of India]

**Experience Requirements:**

For E4 level: Minimum 1 year experience/ practice after MD/DNB (General Medicine).

For E3 level: Fresh MD/DNB (General Medicine).

**Note:** Candidates recruited in E3 grade with MD/DNB qualification will be placed in E4 grade after 01 year of experience.

**Upper Age Limit:** 37 years

**Pay Scale:** E3 : Rs. 60,000 – 1,80,000 & E4: Rs. 70,000 – 2,00,000

**Vacancies**

| DISCIPLINE | UR | EWS | OBC | SC | ST | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|
| GENERAL SURGEON | 5 | | 2 | 1 | | 8 |
| GENERAL MEDICINE | 4 | | 2 | | 1 | 7 |

Vacancies for PwBD candidates as per Govt. guidelines. The total number of projected vacancies indicated above may increase / decrease at the discretion of NTPC management.

**Identified type of disabilities for the post of Surgeon:** a) OA, OL, BL, OAL, CP, LC, Dw b) SLD c) MD involving (a) to (b). **Medical Specialist:** a) OA, OL, BL, OAL, CP, LC, Dw, AAV (Nonsurgical jobs)b) SLDc) MD involving (a) to (b).

**HEALTH**

The candidate should have sound health. Before joining, candidates will have to undergo medical examination at any of the NTPC hospitals and the decision will be final and binding. No relaxation in health standards is allowed. Detailed medical norms are available on the website **careers.ntpc.co.in**

**GENERAL CONDITIONS:**

1. Only Indian Nationals are eligible to apply.
2. All qualifications should be from Universities / Institutions recognized and approved in India.
3. All computations of age/ experience requirement / qualification shall be done w.r.t. the last date of receipt of online application as mentioned in the advertisement. The date of declaration of result / issuance of Mark sheet shall be deemed to be the date of acquiring the qualification and there shall be no relaxation on this account. Post qualification experience on a post/ level shall be counted only from the said date onwards.
4. Inorder to restrict the number of candidates to be called for an interview, if so required, the Management reserves the right to conduct online screening/shortlisting/selection test or to raise the minimum eligibility standards/ criteria, as per requirement.
5. Candidates claiming to belong to any particular category shall necessarily submit a copy of EWS/OBC/SC/ST/PwBD certificate, as the case may be, from a Competent Authority. Where there is vacancy identified for such category, upper age limit is relaxed by 5 years for SC/ST candidates, by 3 years for OBC candidates, by 10 years for PwBD candidates. 5 years age relaxation for candidates who had ordinarily been domiciled in the State of Jammu & Kashmir during the period 01.01.80 to 31.12.89. Relaxation of age to Ex-Serviceman as per Govt. guidelines.
6. Depending on the requirement, the Company reserves the right to cancel / restrict / curtail / enlarge the number of vacancies, if need so arises, without any further notice and without assigning any reason thereof.
7. Posting shall be at any of the Stations/ Projects/ JVs/ Subsidiaries of NTPC. All posts are transferable at the sole discretion of the Management.
8. While applying for any post, the applicant should ensure that he / she fulfills the eligibility and other norms mentioned above, as on the specified dates and that the particulars furnished are correct in all respects. In case it is detected at any stage of recruitment that a candidate does not fulfill the eligibility norms and / or that he/ she has furnished any incorrect / false information or has suppressed any material fact(s), his/her candidature will stand automatically cancelled. If any of the above shortcoming(s) is / are detected even after appointment his / her services are liable to be terminated without any notice. Canvassing in any form shall disqualify the candidate.
9. The mere fact that a candidate has submitted application against the advertisement and apparently fulfilling the criteria as prescribed in the advertisement would not bestow on him/her the right to be definitely called for test/interview/ considered further for selection process.
10. Any proceedings in respect of any matter of claim or dispute arising out of this advertisement and / or an application in response thereto can be instituted only in Delhi and courts / tribunals / forums at Delhi only shall have sole and exclusive jurisdiction to try any such cause / dispute.
11. In case any ambiguity/dispute arises on account of interpretation in versions other than English, the English Version will prevail.

**HOW TO APPLY**

Interested candidates should log on to our website **careers.ntpc.co.in** or visit careers section at **www.ntpc.co.in** for applying. No other means/ mode of application shall be accepted. Candidates are required to possess a valid email ID. NTPC will not be responsible for bouncing back of any email sent to the candidates.

Candidate belonging to General/EWS/OBC category are required to pay a non-refundable registration fee of Rs. 300/-. The SC/ST/PwBD/XSM category & female candidates need not pay the registration fee.

**Payment in offline mode:** State Bank of India has been authorized to collect the registration fee, in a specially opened account (**A/C No. 30987919993**) at CAG branch, New Delhi (Code: 09996), on behalf of NTPC. Candidate has to approach the nearby SBI branch with a printout of the "pay-in-slip" which is available on the application registration portal. The pay-in-slip printed from the portal should only be used for depositing the fee for proper crediting of amount in the allocated account. On receipt of the money, the bank will issue a unique Journal Number and a Branch Code of the bank collecting the money. This journal number and the branch code are to be filled up by the candidate during online registration. NTPC will not be responsible, in case a candidate deposits the fee in wrong account.

**Payment in online mode:** Candidates also have the option to pay the fees online (through Net banking / Debit Card (Rupay debit cards Only) / Credit Card). The online payment option will be available on the website. The candidate is required to make the payment before proceeding for online application. After making successful payment, the Challan number, Bank Reference No, date of payment etc. are required to be filled up in the online application.

**Fee once paid will not be refunded under any circumstances. Candidates are therefore requested to verify their eligibility criteria before paying the registration fee.** After applying online, candidate is required to download the registration slip generated by the system with unique registration number. Copy of registration slip may be retained by the candidate for future reference. No document is required to be sent to us by post.

It is mandatory that eligible candidates go through the full text of the advertisement and agree to all the conditions given, while applying for the post.

| | |
|---|---|
| **Commencement of online application** | **13.01.2022** |
| **Last date for online application** | **27.01.2022** |

**Advt No. 01/22**

***Leading the Power Sector***

***Size : 20 cm × 32 cm***

# एनटीपीसी लिमिटेड

*(भारत सरकार का उद्यम)*

एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोदी रोड़, नई दिल्ली–110003, सीआईएन: L40101DL1975GOI007966

एनटीपीसी लिमिटेड 67,907 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ भारत की विशालतम एकीकृत ऊर्जा कंपनी है और विद्युत उत्पादन व्यवसाय की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में इसकी उपस्थिति है। राष्ट्रीय विकास की चुनौतियों के अनुरूप, एनटीपीसी ने वर्ष 2032 तक 130 गीगावाट की कुल स्थापित क्षमता प्राप्त करने की एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है।

एनटीपीसी परियोजनाओं/स्टेशनों पर स्थित अपने अस्पतालों के लिए **जनरल सर्जन और स्पेशलिस्ट (जनरल मेडिसिन)** के पद हेतु निम्न विवरण अनुसार आवेदन आमंत्रित करता है:

## क. पद का नाम : जनरल सर्जन – 08 रिक्तियां [ई3/ई4]

**योग्यता:** एमबीबीएस के साथ जनरल सर्जरी में एमएस/डीएनबी [राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (पूर्व में भारतीय चिकित्सा परिषद) द्वारा मान्यता प्राप्त होनी चाहिए]

**आवश्यक अनुभव :**

ई4 स्तर के लिए: एमएस/डीएनबी (जनरल सर्जरी) के बाद न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव/अभ्यास

ई3 स्तर के लिए: फ्रेश एमएस/डीएनबी (जनरल सर्जरी)

**नोट:** एमएस/डीएनबी योग्यता के साथ ई3 ग्रेड में भर्ती उम्मीदवारों को 01 वर्ष के अनुभव के बाद ई4 ग्रेड में रखा जाएगा।

**ऊपरी आयु सीमा:** 37 वर्ष

**वेतनमान:** ई3 : ₹60,000 – 1,80,000/– एवं ई4 : ₹70,000 – 2,00,000/–

## ख. पद का नाम : स्पेशलिस्ट (जनरल मेडिसिन) – 07 रिक्तियां [ई3/ई4]

**योग्यता:** एमबीबीएस के साथ एमडी/डीएनबी (जनरल मेडिसिन) राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (पूर्व में भारतीय चिकित्सा परिषद) द्वारा मान्यता प्राप्त होनी चाहिए,

**आवश्यक अनुभव:**

ई4 स्तर के लिए: एमडी/डीएनबी (जनरल मेडिसिन) के बाद न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव/अभ्यास

ई3 स्तर के लिए: फ्रेश एमडी/डीएनबी (जनरल मेडिसिन)

**नोट:** एमडी/डीएनबी योग्यता के साथ ई3 ग्रेड में भर्ती उम्मीदवारों को 01 वर्ष के अनुभव के बाद ई4 ग्रेड में रखा जाएगा।

**ऊपरी आयु सीमा: 37 वर्ष**

**वेतनमान:** ई3 : ₹60,000 – 1,80,000/– एवं ई4 : ₹70,000 – 2,00,000/–

**रिक्तियां**

| पद | अनारक्षित | ईडब्ल्यूएस | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जनरल सर्जन | 5 | | 2 | 1 | | 8 |
| जनरल मेडिसिन | 4 | | 2 | | 1 | 7 |

पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए रिक्तियां सरकारी दिशा–निर्देशों के अनुसार होगी। उपरोक्त दर्शाई गई रिक्तियां अनुमानित है और एनटीपीसी प्रबंधन के विवेकानुसार यह संख्या बढ़ाई या घटाई जा सकती है।

**सर्जन के पद के लिए चिन्हित विकलांगता के प्रकार:** क) ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू ख) एसएलडी ग) एमडी में (क) से (ख) तक। **मेडिकल स्पेशलिस्ट :** क) ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी (गैर–सर्जिकल पद) ख) एसएलडी ग) एमडी में (क) से (ख) तक।

**स्वास्थ्य**

उम्मीदवार का स्वास्थ अच्छा होना चाहिए। जॉइनिंग होने से पहले, उम्मीदवारों को एनटीपीसी के किसी भी अस्पताल में चिकित्सा परीक्षा से गुजरना होगा तथा वहां जो भी निर्णय लिया जाएगा, वहीं निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। स्वास्थ्य मानकों में किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी। स्वास्थ्य संबंधी विस्तृत जानकारी careers.ntpc.co.in की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**सामान्य शर्तें:**

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते है।
2. सभी योग्यताएं भारत में मान्यता प्राप्त और अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से होनी चाहिए।
3. विज्ञापन में उल्लिखित दिशा–निर्देश के अनुसार आयु/आवश्यक अनुभव/योग्यता संबंधी सभी गणनाएं ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के संबंध में की जाएगी। परिणाम घोषित करने/अंक पत्र जारी करने की तिथि को योग्यता प्राप्त करने की तिथि माना जाएगा तथा इसमें किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी। किसी पद/स्तर पर योग्यता उपरांत अनुभव की गणना उक्त तिथि से ही की जाएगी।
4. साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को सीमित करने के लिए, यदि आवश्यक हो, तो प्रबंधन के पास ऑनलाइन स्क्रीनिंग/शॉर्टलिस्टिंग/चयन परीक्षा आयोजित करने या आवश्यकता के अनुसार न्यूनतम पात्रता मानकों/मानदंडों को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित है।
5. किसी विशेष श्रेणी से संबंधित होने का दावा करने वाले उम्मीदवारों को आवश्यक रूप से एक सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ईडब्ल्यूएस /अ.पि.व /अ.जा./अ.ज.जा./ पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण पत्र की एक प्रति जमा करनी होगी। जहां ऐसी श्रेणी के लिए रिक्ति की पहचान की गई है, वहां अ.जा./अ.ज.जा. के उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष, अ.पि.व उम्मीदवारों को 3 वर्ष तथा पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को 10 वर्ष की छूट दी गई है। 01.01.80 से 31.12.89 की अवधि के दौरान जम्मू एंड कश्मीर राज्य में सामान्य रूप से रहने वाले उम्मीदवारों को भी आयु में 5 वर्ष की छूट दी गई है। पूर्व सैनिकों को सरकारी दिशा–निर्देश के अनुसार आरक्षण दिया जाएगा।
6. आवश्यकता के आधार पर, कंपनी बिना किसी सूचना के और बिना कोई कारण बताए रिक्तियों की संख्या को रद्द/प्रतिबंधित/घटाने/बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
7. चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति एनटीपीसी के किसी भी स्टेशन/परियोजना/संयुक्त उद्यम/सहायक कंपनियों में की जा सकती है। सभी पद प्रबंधन के विवेकाधिकार पर हस्तांतरणीय हैं।
8. किसी भी पद के लिए आवेदन करते समय, आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह निर्दिष्ट तिथियों के अनुसार ऊपर उल्लिखित पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करता हो तथा उसके द्वारा प्रस्तुत सभी विवरण/दस्तावेज़ पूरी तरह से सही हैं। यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या किसी महत्वपूर्ण जानकारी (तथ्यों) को छुपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः ही रद्द हो जाएगी। यदि उपरोक्त में से किसी भी प्रकार की कोई कमी नियुक्ति के बाद भी पाई जाती है/होती है तो उसकी सेवाएं बिना किसी सूचना के समाप्त की जा सकती हैं। किसी भी तरह की सिफारिश करने पर उम्मीदवार को अयोग्य करार कर दिया जाएगा।
9. वास्तविक तथ्य यह है कि यदि एक उम्मीदवार विज्ञापन के अनुरूप अपना आवेदन जमा करता है तथा विज्ञापन में निर्धारित मानदंडों को स्पष्ट रूप से पूरा कर रहा है तो ऐसा ज़रूरी नहीं है कि उसे निश्चित रूप से परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने/चयन प्रक्रिया के लिए आगे उस पर विचार ही किया जाए।
10. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में दाखिल किसी आवेदन से उत्पन्न होने वाले दावे या विवाद के किसी भी मामले के संबंध में कोई भी कार्यवाही केवल दिल्ली में स्थापित की जा सकती है और केवल दिल्ली में अदालतों/ट्रिब्यूनलों/मंचो के पास किसी भी ऐसा कारण/विवाद से जुड़े मामले पर मुकदमा चलाने का एकमात्र और अनन्य अधिकार क्षेत्र होगा।
11. अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करणों में व्याख्या के कारण कोई अस्पष्टता / विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में होता है, तो ऐसी स्थिति में अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

**आवेदन कैसे करें**

इच्छुक पात्र उम्मीदवार विस्तृत पात्रता मानदण्ड, अपेक्षित अनुभव, विज्ञापन की सम्पूर्ण विषय वस्तु एवं आवेदन करने के लिए हमारी वेबसाइट **careers.ntpc.co.in** पर लॉग ऑन करें या **www.ntpc.co.in** के **careers** खंड पर जाएं। केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन स्वीकार किया जाएगा। इसके अलावा किसी और माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों के पास एक वैध ईमेल आईडी होना अनिवार्य है। उम्मीदवार को भेजे गए किसी भी ईमेल के अस्वीकृत होकर वापस लौटने के लिए एनटीपीसी ज़िम्मेदार नहीं होगा।

सामान्य/ईडब्ल्यूएस/अ.पि.व की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को 300/– रुपये के गैर–वापसी योग्य पंजीकरण शुल्क का भुगतान करना आवश्यक है। अ.जा/अ.ज.जा/पीडब्ल्यूबीडी/पूर्व सैनिकों की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों और महिला उम्मीदवारों को पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है।

**ऑफलाइन मोड में भुगतान:** भारतीय स्टेट बैंक को एनटीपीसी की ओर से सीएजी शाखा, नई दिल्ली (कोड: 09996) में विशेष रूप से खोले गए खाते **(खाता संख्या 30987919993)** में पंजीकरण शुल्क लेने के लिए अधिकृत किया गया है। उम्मीदवार को "पे–इन–स्लिप" के प्रिंटआउट के साथ नजदीकी एसबीआई शाखा से संपर्क करना होगा जो कि आवेदन पंजीकरण पोर्टल पर उपलब्ध है। पोर्टल से मुद्रित "पे–इन–स्लिप" का उपयोग केवल आबंटित खाते में राशि को उचित तरीके से जमा करने के लिए शुल्क जमा करने हेतु किया जाना चाहिए। राशि प्राप्त होने पर, बैंक एक यूनिक जर्नल संख्या और धन एकत्रित करने वाले बैंक का एक शाखा कोड जारी करेगा। यह जर्नल नंबर और शाखा कोड उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण के दौरान भरा जाना है। यदि कोई उम्मीदवार गलत खाते में शुल्क जमा करता है तो एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा।

**ऑनलाइन माध्यम से भुगतान:** उम्मीदवारों के पास ऑनलाइन शुल्क का भुगतान (नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड (केवल रुपे डेबिट कार्ड)/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से) करने का विकल्प भी है। ऑनलाइन भुगतान का विकल्प वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। ऑनलाइन आवेदन के आगे बढ़ने से पहले उम्मीदवार को भुगतान करना आवश्यक है। सफल भुगतान करने के बाद, ऑनलाइन आवेदन में चालान संख्या, बैंक संदर्भ संख्या, भुगतान की तिथि आदि भरना आवश्यक है।

एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा इसलिए उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने से पहले अपनी पात्रता ठीक प्रकार से जाँच लें। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद, उम्मीदवार को सिस्टम द्वारा उत्पन्न पंजीकरण स्लिप को यूनिक पंजीकरण संख्या के साथ डाउनलोड करना आवश्यक है। पंजीकरण पर्ची की प्रति उम्मीदवार भविष्य के संदर्भ के लिए अपने पास रख सकता है। हमें डाक द्वारा भेजने के लिए किसी दस्तावेज/स्लिप की आवश्यकता नहीं है।

पात्र उम्मीदवारों से अनुरोध है कि विज्ञापन की संपूर्ण विषय वस्तु को ठीक तरह से पढ़ लें और पद के लिए आवेदन करते समय दी गई सभी शर्तों से सहमत हों।

**महत्वपूर्ण तिथियां:**

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन की प्रारंभिक तिथि** | 13.01.2022 |
| **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि** | 27.01.2022 |

विज्ञापन संख्या – 01/22

**विद्युत क्षेत्र में अग्रणी**

**Size : 20 cm × 32 cm**